# श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन (SKPF) एवं WINCOMPETE- संयुक्त टेस्ट सीरीज - 2026

**समय: 2:00 घण्टे |** **| अधिकतम अंक: 300**

**विषय: आधुनिक भारत (स्वतंत्रता संघर्ष स्वतंत्रोत्तर आधुनिक भारत )**

**टेस्ट संख्या: [08]**

---

**अभ्यर्थी का नाम:** ______________________________

**अनुक्रमांक (Roll No.):** ______________________________

**परीक्षा केंद्र** ______________________________

**हस्ताक्षर अभ्यर्थी:** ______________________________

**हस्ताक्षर वीक्षक:** ______________________________

---

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न** हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार विकल्प (A, B, C, D,E)** दिए गए हैं।
2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए **3 अंक** निर्धारित हैं।
3. **नकारात्मक अंकन (Negative Marking):** प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **1 अंक** काटा जाएगा।
4. OMR उत्तर पत्रक में **पाँच विकल्प (A, B, C, D, E)**में एक का अंकन करना हैं। यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो अनिवार्य रूप से **विकल्प 'E'** को अंकित करें।
5. यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न को हल नहीं करता है और विकल्प 'E' को भी अंकित नहीं करता है, तो उस प्रश्न के लिए भी **1/3 भाग (1 अंक) काटा जाएगा**। (नवीनतम RPSC नियम)
6. कच्चे कार्य (Rough work) के लिए स्थान इस पुस्तिका के अंत में दिया गया है।
7. अपने रोल नम्बर और अन्य विवरण केवल निर्धारित स्थान पर ही लिखें।

wincompete

## Test 08 (आधुनिक भारत) : प्रश्न-पत्र

**प्रश्न 1:** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उदारवादी चरण (1885-1905) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उदारवादियों ने प्रशासन में भारतीयों की भागीदारी बढ़ाने हेतु इंग्लैंड और भारत में एक साथ 'आई.सी.एस.' परीक्षा आयोजित करने की मांग की।
2. इस चरण के दौरान कांग्रेस ने विधायी परिषदों के विस्तार और कार्यपालिका से न्यायपालिका के पृथक्करण की मांग उठाई।
3. उदारवादी नेताओं ने प्रारंभिक वर्षों में ही 'पूर्ण स्वराज्य' को अपना मुख्य राजनैतिक लक्ष्य घोषित कर दिया था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन **सत्य** है/हैं?

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 2: कथन (A):** 1907 के सूरत अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का दो गुटों (उदारवादी और उग्रवादी) में विभाजन हो गया।

**कारण (R):** उग्रवादी नेता चाहते थे कि स्वदेशी और बहिष्कार आंदोलन का विस्तार केवल बंगाल तक ही सीमित रहे, जबकि उदारवादी इसे पूरे भारत में फैलाना चाहते थे।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 3:** लखनऊ समझौते (1916) के संदर्भ में निम्नलिखित **निष्कर्षों** पर विचार कीजिये:

**कथन:** कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने एक साझा राजनैतिक मंच पर आकर सरकार के समक्ष संवैधानिक सुधारों की मांग रखी।

**निष्कर्ष 1:** कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के लिए 'सांप्रदायिक निर्वाचन पद्धति' की मांग को आधिकारिक रूप से स्वीकार कर लिया।

**निष्कर्ष 2:** इस समझौते के परिणामस्वरूप उग्रवादी नेताओं की कांग्रेस में पुनः वापसी का मार्ग प्रशस्त हुआ।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 4**: सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

**सूची-I (घटना)**

i. कांग्रेस की स्थापना

ii. बंगाल का विभाजन

iii. प्रथम दिल्ली दरबार (लॉर्ड लिटन)

iv. स्वदेशी आंदोलन की औपचारिक घोषणा

**सूची-II (तिथि)**

1. 19 जुलाई, 1905
2. 7 अगस्त, 1905
3. 28 दिसंबर, 1885
4. 1 जनवरी, 1877

A) i-3, ii-2, iii-4, iv-1

B) i-3, ii-1, iii-4, iv-2

C) i-4, ii-1, iii-3, iv-2

D) i-3, ii-4, iii-1, iv-2

**प्रश्न 5:** क्रांतिकारी आंदोलन के प्रथम चरण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असंगत** है?

A) अनुशीलन समिति की स्थापना मिदनापुर में ज्ञानेंद्र नाथ बसु द्वारा की गई थी।

B) 'युगांतर' नामक क्रांतिकारी समाचार पत्र का संपादन वारिंद्र कुमार घोष और भूपेंद्र नाथ दत्त ने किया था।

C) प्रफुल्ल चाकी और खुदीराम बोस ने मुजफ्फरपुर के जज किंग्सफोर्ड की हत्या का प्रयास 30 अप्रैल 1909 को किया था।

D) 'अभिनव भारत' नामक गुप्त संस्था का गठन वी.डी. सावरकर द्वारा 1904 में किया गया था।

**प्रश्न 6: लघु पैराग्राफ आधारित प्रश्न:**

"1924 में कानपुर में एक क्रांतिकारी संगठन की स्थापना हुई जिसका उद्देश्य सशस्त्र क्रांति के माध्यम से संघीय गणतंत्र भारत की स्थापना करना था। इस संगठन ने अपनी गतिविधियों हेतु धन जुटाने के लिए काकोरी ट्रेन डकैती को अंजाम दिया।"

उपर्युक्त पैराग्राफ में किस संगठन की चर्चा की जा रही है?

A) हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (HSRA)

B) हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (HRA)

C) गदर पार्टी

D) भारत नौजवान सभा

**प्रश्न 7:** 1930 के दशक के क्रांतिकारी आंदोलन के संदर्भ में 'चटगांव शस्त्रागार छापे' (Chittagong Armoury Raid) के मुख्य नायक कौन थे?

A) चंद्रशेखर आजाद

B) सूर्य सेन

C) राम प्रसाद बिसमिल

D) जतिन दास

**प्रश्न 8:** भगत सिंह और उनके क्रांतिकारी जीवन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भगत सिंह ने 1926 में 'पंजाब नौजवान भारत सभा' की स्थापना की थी।
2. उन्होंने 'लाहौर षड्यंत्र केस' के विरोध में जेल में 64 दिनों तक लंबी भूख हड़ताल की थी।
3. असेंबली बम कांड (1929) में उनके साथ बटुकेश्वर दत्त शामिल थे।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन **सत्य** हैं?

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 9: कथन (A):** महात्मा गांधी ने फरवरी 1922 में असहयोग आंदोलन को अचानक वापस लेने की घोषणा कर दी।

**कारण (R):** गांधीजी का मानना था कि चौरी-चौरा की हिंसक घटना ने आंदोलन के अहिंसक चरित्र को समाप्त कर दिया है।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) दोनों असत्य हैं।

**प्रश्न 10:** सविनय अवज्ञा आंदोलन (1930-34) के संदर्भ में निम्नलिखित निष्कर्षों पर विचार कीजिये:

**कथन:** गांधीजी ने साबरमती आश्रम से दांडी तक 241 मील की पदयात्रा कर नमक कानून तोड़ा।

**निष्कर्ष 1:** इस आंदोलन ने पहली बार बड़े पैमाने पर महिलाओं की भागीदारी को राष्ट्रीय आंदोलन का हिस्सा बनाया।

**निष्कर्ष 2:** गांधी-इरविन समझौते के तहत कांग्रेस ने द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लेना स्वीकार किया।

wincompete

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 11:** गांधीवादी युग की प्रमुख घटनाओं को कालक्रमानुसार सुमेलित कीजिये:

i. चंपारण सत्याग्रह

ii. खेड़ा किसान आंदोलन

iii. अहमदाबाद मिल मज़दूर आंदोलन

iv. रौलेट एक्ट के विरुद्ध सत्याग्रह

A) i, ii, iii, iv

B) i, iii, ii, iv

C) iii, i, ii, iv

D) ii, i, iii, iv

**प्रश्न 12:** गांधीजी के 'भारत छोड़ो आंदोलन' (1942) के संदर्भ में कौन-सा तथ्य **असत्य** है?

A) आंदोलन का प्रस्ताव 8 अगस्त 1942 को बम्बई के ग्वालिया टैंक मैदान में पारित हुआ।

B) गांधीजी ने इस आंदोलन के दौरान 'करो या मरो' का प्रसिद्ध नारा दिया था।

C) ब्रिटिश सरकार ने आंदोलनकारियों के दमन हेतु 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' चलाया था।

D) इस आंदोलन के दौरान बलिया और सतारा में समानांतर सरकारों की स्थापना हुई।

**प्रश्न 13: लघु पैराग्राफ आधारित प्रश्न:**

"1936 में लखनऊ में एक अखिल भारतीय संगठन का गठन हुआ जिसने किसानों की समस्याओं को राष्ट्रीय पटल पर रखा। स्वामी सहजानंद सरस्वती इसके प्रथम अध्यक्ष और एन.जी. रंगा इसके सचिव चुने गए।"

इस संगठन का सही नाम क्या है?

A) अखिल भारतीय किसान सभा

B) अवध किसान सभा

C) बिहार प्रांतीय किसान सभा

D) उत्तर प्रदेश किसान सभा

**प्रश्न 14:** 1925 में कानपुर में 'भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी' (CPI) की औपचारिक स्थापना किसके नेतृत्व में की गई थी?

A) एम.एन. रॉय

B) सत्य भक्त

C) मुजफ्फर अहमद

D) एस.ए. डांगे

**प्रश्न 15:** जनजातीय विद्रोहों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बिरसा मुंडा के नेतृत्व में 'उलगुलान' विद्रोह 1899-1900 के दौरान छोटा नागपुर क्षेत्र में हुआ था।
2. रम्पा विद्रोह (1922-24) का नेतृत्व अल्लूरी सीताराम राजू ने किया था, जो गांधीवादी विचारों से प्रभावित थे।
3. संताल विद्रोह (1855-56) का नेतृत्व सिद्धू और कान्हू ने जमींदारों के विरुद्ध किया था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 16: कथन (A):** 1934 में कांग्रेस के भीतर 'कांग्रेस समाजवादी पार्टी' (CSP) का गठन किया गया।

**कारण (R):** जयप्रकाश नारायण और आचार्य नरेंद्र देव कांग्रेस की नीतियों को पूर्णतः वामपंथी दल के रूप में बदलना चाहते थे।

wincompete

A) A और R दोनों सत्य हैं।

B) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

C) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

D) दोनों असत्य हैं।

**प्रश्न 17:** आजाद हिंद फौज (INA) के संदर्भ में निम्नलिखित निष्कर्षों पर विचार कीजिये:

**कथन:** सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में 'आजाद हिंद सरकार' की स्थापना की और 'दिल्ली चलो' का नारा दिया।

**निष्कर्ष 1:** आजाद हिंद फौज की स्थापना का मूल विचार सर्वप्रथम कैप्टन मोहन सिंह के मन में आया था।

**निष्कर्ष 2:** लाल किला मुकदमे (1945) में कांग्रेस के वकीलों (भुलाभाई देसाई, नेहरू) ने INA के अधिकारियों का बचाव किया।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 18:** कैबिनेट मिशन (1946) के सदस्यों के संबंध में सही समूह को सुमेलित कीजिये:

A) लॉर्ड माउंटबेटन, पैथिक लॉरेंस, स्टैफोर्ड क्रिप्स

B) पैथिक लॉरेंस, स्टैफोर्ड क्रिप्स, ए.वी. अलेक्जेंडर

C) लॉर्ड वेवेल, स्टैफोर्ड क्रिप्स, क्लीमेंट एटली

D) पैथिक लॉरेंस, लॉर्ड लिनलिथगो, सर जॉन साइमन

**प्रश्न 19:** भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 के संदर्भ में कौन-सा कथन **असंगत** है?

A) इस अधिनियम को 18 जुलाई 1947 को ब्रिटिश सम्राट की शाही स्वीकृति प्राप्त हुई।

B) इसने 15 अगस्त 1947 को दो स्वतंत्र डोमिनियन (भारत और पाकिस्तान) की स्थापना का प्रावधान किया।

C) अधिनियम के अनुसार देशी रियासतों को अनिवार्य रूप से भारत में शामिल होना था।

D) इसने वायसराय के पद को समाप्त कर दोनों डोमिनियन के लिए गवर्नर जनरल के पद का सृजन किया।

**प्रश्न 20:** माउंटबेटन योजना (3 जून 1947) के तहत पंजाब और बंगाल के विभाजन का निर्णय किस आधार पर लिया जाना था?

A) वायसराय के विवेकाधिकार द्वारा

B) रेडक्लिफ आयोग की सीधी अनुशंसा पर

C) प्रांतीय विधानसभाओं के सदस्यों के मतदान द्वारा

D) केवल रियासतों के शासकों की सहमति द्वारा

**प्रश्न 21:** महात्मा गांधी के 'ट्रस्टीशिप' (न्यासधारिता) सिद्धांत के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन इसकी मूल अवधारणा को सही ढंग से परिभाषित करता है?

A) उत्पादन के साधनों पर राज्य का पूर्ण स्वामित्व होना चाहिए।

B) पूंजीपतियों को अपनी संपत्ति का स्वामी नहीं, बल्कि समाज का संरक्षक समझना चाहिए।

C) समाज में आर्थिक समानता लाने के लिए बलपूर्वक संपत्ति का पुनर्वितरण किया जाना चाहिए।

D) श्रमिकों को कारखानों के प्रबंधन में समान भागीदारी दी जानी चाहिए।

**प्रश्न 22: कथन (A):** गांधीजी ने 1937 में 'नई तालीम' या वर्धा शिक्षा योजना प्रस्तुत की थी।

**कारण (R):** इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को केवल अंग्रेजी भाषा और पश्चिमी संस्कृति में निपुण बनाना था।

wincompete

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 23:** महात्मा गांधी के 'हरिजन अभियान' और दलित उत्थान के प्रयासों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गांधीजी ने सितंबर 1932 में 'अस्पृश्यता निवारण संघ' की स्थापना की थी, जिसका नाम बाद में 'हरिजन सेवक संघ' पड़ा।
2. उन्होंने 'हरिजन' नामक साप्ताहिक समाचार पत्र का प्रकाशन 1933 में यरवदा जेल से प्रारंभ किया था।
3. गांधीजी का मानना था कि अस्पृश्यता हिंदू धर्म का एक अभिन्न हिस्सा है जिसे बदला नहीं जा सकता।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?

A) केवल 1

B) केवल 2

C) केवल 1 और 2

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 24:** गांधीजी की विचारधारा और सामाजिक सुधारों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) पूना समझौता (1932): महात्मा गांधी और डॉ. बी.आर. अंबेडकर के मध्य हुआ।

B) वर्धा सम्मेलन (1937): बुनियादी शिक्षा (हस्तशिल्प आधारित) से संबंधित।

C) हरिजन सेवक संघ के प्रथम अध्यक्ष: घनश्यामदास बिड़ला।

D) ट्रस्टीशिप का सिद्धांत: गांधीजी ने इसे 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान पहली बार प्रतिपादित किया।

**प्रश्न 25:** रियासतों के एकीकरण के संदर्भ में सूची-I (रियासत) को सूची-II (विलय का आधार/विधि) से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I**

i. जूनागढ़

ii. हैदराबाद

iii. कश्मीर

iv. जोधपुर

**सूची-II**

1. विलेय पत्र (Instrument of Accession) पर हस्ताक्षर
2. जनमत संग्रह (Plebiscite)
3. पटेल और वी.पी. मेनन की कूटनीतिक वार्ता
4. सैन्य कार्यवाही (ऑपरेशन पोलो)

कूट:

A) i-2, ii-4, iii-1, iv-3

B) i-1, ii-4, iii-2, iv-3

C) i-2, ii-1, iii-4, iv-3

D) i-4, ii-2, iii-1, iv-3

**प्रश्न 26: लघु पैराग्राफ आधारित प्रश्न:**

"सितंबर 1948 में भारत सरकार ने एक ऐसी रियासत के विरुद्ध सैन्य कार्यवाही की जहाँ का शासक 'रजाकारों' के माध्यम से जनता का दमन कर रहा था और स्वतंत्र रहने की जिद पर अड़ा था। इस कार्यवाही को एक विशिष्ट कोड नाम दिया गया।"

उपर्युक्त पैराग्राफ में वर्णित सैन्य कार्यवाही का नाम क्या था?

A) ऑपरेशन विजय

B) ऑपरेशन पोलो

C) ऑपरेशन मेघदूत

wincompete

D) ऑपरेशन शक्ति

**प्रश्न 27:** सरदार पटेल की एकीकरण नीति के संदर्भ में निम्नलिखित निष्कर्षों पर विचार कीजिये:

**कथन:** सरदार पटेल ने रियासतों के राजाओं को 'प्रिवी पर्स' और विशेष विशेषाधिकारों का आश्वासन दिया।

**निष्कर्ष 1:** पटेल भारत के राजनैतिक विखंडन को किसी भी कीमत पर रोकना चाहते थे।

**निष्कर्ष 2:** अधिकांश राजाओं ने अपनी स्वेच्छा से लोकतांत्रिक भारत में शामिल होना स्वीकार किया।

A) केवल निष्कर्ष 1 सत्य है।

B) केवल निष्कर्ष 2 सत्य है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 सत्य है।

**प्रश्न 28:** रियासतों के एकीकरण के दौरान गठित 'रियासती विभाग' (States Department) के सचिव के रूप में किसने सरदार पटेल के साथ मुख्य भूमिका निभाई थी?

A) जवाहरलाल नेहरू

B) वी.पी. मेनन

C) लॉर्ड माउंटबेटन

D) सी. राजगोपालाचारी

**प्रश्न 29: कथन (A):** सुभाष चंद्र बोस ने 1939 में कांग्रेस के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र देने के बाद 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की।

**कारण (R):** बोस चाहते थे कि भारत द्वितीय विश्व युद्ध में ब्रिटेन का बिना किसी शर्त के समर्थन करे।

A) A और R दोनों सत्य हैं।

B) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

C) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

D) दोनों असत्य हैं।

**प्रश्न 30:** सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज (INA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में 21 अक्टूबर 1943 को 'आरजी हुकुमत-ए-आजाद हिंद' (अस्थायी सरकार) की स्थापना की।
2. आजाद हिंद फौज की कमान संभालने के बाद उन्होंने 'दिल्ली चलो' और 'जय हिंद' जैसे नारे दिए।
3. आजाद हिंद फौज में 'रानी झाँसी रेजिमेंट' नामक महिला विंग की कमान कैप्टन लक्ष्मी सहगल के हाथ में थी।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 31:** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के क्रांतिकारी जीवन से संबंधित निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा **असंगत** है?

A) हरिपुरा अधिवेशन (1938): बोस निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए।

B) त्रिपुरी अधिवेशन (1939): बोस ने पट्टाभि सीतारमैया को पराजित किया।

C) सिंगापुर रेडियो भाषण (1944): गांधीजी को पहली बार 'राष्ट्रपिता' संबोधित किया।

D) आजाद हिंद फौज की मूल स्थापना: 1942 में जर्मनी में सुभाष चंद्र बोस द्वारा की गई।

**प्रश्न 32:** सूची-I (व्यक्ति/संगठन) को सूची-II (कार्य/स्थान) से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I**

i. रासबिहारी बोस

ii. कैप्टन मोहन सिंह

iii. सुभाष चंद्र बोस

wincompete

iv. आजाद हिंद सरकार

**सूची-II**

1. आजाद हिंद फौज का प्रथम विचार
2. टोक्यो (जापान) में सक्रिय क्रांतिकारी
3. सिंगापुर
4. फॉरवर्ड ब्लॉक

कूट:

A) i-2, ii-1, iii-4, iv-3

B) i-1, ii-2, iii-3, iv-4

C) i-2, ii-4, iii-1, iv-3

D) i-3, ii-1, iii-4, iv-2

**प्रश्न 33: लघु पैराग्राफ आधारित प्रश्न:**

"इन्होंने 1907 में जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित अंतरराष्ट्रीय समाजवादी कांग्रेस में प्रथम भारतीय तिरंगा फहराया और विदेशों में भारतीय स्वतंत्रता के पक्ष में जनमत तैयार किया। इन्हें 'भारतीय क्रांति की माता' कहा जाता है।"

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस महिला क्रांतिकारी के बारे में हैं?

A) सरोजिनी नायडू

B) एनी बेसेंट

C) भीकाजी कामा

D) अरुणा आसफ अली

**प्रश्न 34:** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं के योगदान के संदर्भ में निम्नलिखित निष्कर्षों पर विचार कीजिये:

**कथन:** एनी बेसेंट ने 1916 में 'होम रूल लीग' की स्थापना की और 1917 में कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष बनीं।

**निष्कर्ष 1:** उन्होंने भारतीय स्वशासन की मांग को वैधानिक रूप से प्रस्तुत किया।

**निष्कर्ष 2:** वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने वाली पहली विदेशी महिला थीं।

A) केवल निष्कर्ष 1 सत्य है।

B) केवल निष्कर्ष 2 सत्य है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है।

**प्रश्न 35:** 1930 के धरसाना नमक सत्याग्रह का नेतृत्व निम्नलिखित में से किस महिला ने किया था, जब गांधीजी को गिरफ्तार कर लिया गया था?

A) सरोजिनी नायडू

B) लक्ष्मी सहगल

C) कस्तूरबा गांधी

D) सुचेता कृपलानी

**प्रश्न 36: कथन (A):** अरुणा आसफ अली को '1942 के भारत छोड़ो आंदोलन की नायिका' कहा जाता है।

**कारण (R):** उन्होंने 9 अगस्त 1942 को मुंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 37:** राजस्थान के जन-आंदोलनों और स्वतंत्रता सेनानियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विजय सिंह पथिक का वास्तविक नाम भूप सिंह था और उन्होंने बिजोलिया किसान आंदोलन का सफल नेतृत्व किया।
2. गोविंद गिरी ने भीलों में सामाजिक और धार्मिक सुधारों के लिए 1883 में 'सम्प सभा' की स्थापना की थी।
3. जयनारायण व्यास ने मारवाड़ प्रजामंडल के माध्यम से 'पोपाबाई की पोल' नामक

wincompete

पुस्तिका लिखकर सामंती शासन की बुराइयों को उजागर किया।

उपर्युक्त में से कौन से कथन सत्य हैं?

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 38:** राजस्थान के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) हीरालाल शास्त्री: 'प्रलय प्रतीक्षा नमो नमः' गीत और 'प्रत्यक्ष जीवन शास्त्र' पुस्तक के लेखक।

B) माणिक्य लाल वर्मा: मेवाड़ प्रजामंडल के संस्थापक और 'पंछिड़ा' गीत के रचयिता।

C) गोविंद गिरी: 1913 में मानगढ़ पहाड़ी पर भीलों के नरसंहार (राजस्थान का जलियांवाला बाग) से संबंधित।

D) जयनारायण व्यास: इन्होंने कानपुर से प्रकाशित 'प्रताप' समाचार पत्र का संपादन किया।

**प्रश्न 39:** सूची-I (आंदोलन/संस्था) को सूची-II (मुख्य नेतृत्व) से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I**

i. बिजोलिया किसान आंदोलन

ii. एकी आंदोलन

iii. भगत आंदोलन

iv. राजस्थान सेवा संघ

**सूची-II**

1. मोतीलाल तेजावत
2. गोविंद गिरी
3. विजय सिंह पथिक
4. रामनारायण चौधरी

कूट:

A) i-3, ii-1, iii-2, iv-4

B) i-1, ii-3, iii-4, iv-2

C) i-3, ii-2, iii-1, iv-4

D) i-4, ii-1, iii-2, iv-3

**प्रश्न 40:** "राजस्थान के गांधी" के रूप में किसे जाना जाता है, जिन्होंने वागड़ क्षेत्र में दलितों और आदिवासियों के उत्थान के लिए कार्य किया?

A) जयनारायण व्यास

B) भोगीलाल पंड्या

C) माणिक्य लाल वर्मा

D) हीरालाल शास्त्री

**प्रश्न 41:** स्वतंत्रता के समय रियासतों के विलय हेतु तैयार किए गए 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेसिबिलिटी' (विलेय पत्र) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस दस्तावेज के माध्यम से रियासतों ने केवल तीन विषयों - रक्षा, विदेश मामले और संचार पर केंद्र को अधिकार सौंपा था।
2. राजस्थान की रियासतों में सर्वप्रथम बीकानेर के महाराजा शार्दुल सिंह ने 7 अगस्त 1947 को इस पर हस्ताक्षर किए थे।
3. विलेय पत्र पर हस्ताक्षर करने का अर्थ रियासत की संप्रभुता का पूर्णतः भारत सरकार में विलीनीकरण था।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य है/हैं?**

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 42: कथन (A):** विभाजन के बाद भारत सरकार के लिए शरणार्थी समस्या का समाधान केवल आवास तक सीमित नहीं था।

wincompete

**कारण (R):** शरणार्थियों के पुनर्वास हेतु भारत सरकार ने एक पृथक 'पुनर्वास मंत्रालय' का गठन किया था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 43:** रियासतों के एकीकरण और 'प्रिवी पर्स' (Privy Purse) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) प्रिवी पर्स की राशि रियासत के राजस्व और आकार के आधार पर तय की गई थी।

B) इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 291 और 362 के तहत संवैधानिक गारंटी दी गई थी।

C) प्रिवी पर्स का भुगतान भारत की संचित निधि (Consolidated Fund) से किया जाता था।

D) प्रिवी पर्स को वर्ष 1969 में 24वें संविधान संशोधन द्वारा पूरी तरह समाप्त कर दिया गया था।

**प्रश्न 44: लघु पैराग्राफ आधारित प्रश्न:**

"विभाजन के उपरांत पाकिस्तान से आए लगभग 80 लाख लोगों के पुनर्वास हेतु दिल्ली, पंजाब और बंगाल में विशाल शिविर लगाए गए। इस दौरान 'निष्क्रांत संपत्ति' (Evacuee Property) का प्रबंधन प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बना।"

उपर्युक्त स्थिति के संदर्भ में सरकार द्वारा अपनाया गया मुख्य समाधान क्या था?

A) शरणार्थियों को नकद मुआवजा देना

B) विस्थापितों को खेती योग्य भूमि और ऋण का आवंटन

C) शरणार्थियों को पुनः पाकिस्तान भेजने का समझौता

D) केवल शहरी क्षेत्रों में आवास निर्माण

**प्रश्न 45:** राज्यों के भाषाई पुनर्गठन की मांग के प्रति केंद्र सरकार के प्रारंभिक दृष्टिकोण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एस.के. धर आयोग ने प्रशासनिक सुविधा के स्थान पर भाषाई आधार को प्राथमिकता देने की सिफारिश की थी।
2. जे.वी.पी. समिति ने तात्कालिक परिस्थितियों में भाषाई आधार पर राज्यों के निर्माण को राष्ट्र की सुरक्षा हेतु खतरा माना था।
3. केंद्र सरकार को डर था कि भाषाई राज्यों से देश में 'बाल्कनीकरण' (विखंडन) की प्रवृत्ति बढ़ सकती है।

उपर्युक्त में से कौन से कथन **सत्य हैं?**

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 46:** भाषाई पुनर्गठन से संबंधित समितियों/आयोगों को उनके गठन के कालक्रम (महीना/वर्ष) के अनुसार सुमेलित कीजिये:

i. एस.के. धर आयोग

ii. जे.वी.पी. समिति

iii. राज्य पुनर्गठन आयोग (फजल अली)

iv. प्रथम आंध्र राज्य की घोषणा

A) i-जून 1948, ii-दिसंबर 1948, iii-दिसंबर 1953, iv-दिसंबर 1952

B) i-दिसंबर 1948, ii-जून 1948, iii-दिसंबर 1952, iv-दिसंबर 1953

C) i-जून 1948, ii-दिसंबर 1953, iii-दिसंबर 1948, iv-अक्टूबर 1953

D) i-दिसंबर 1952, ii-अक्टूबर 1953, iii-जून 1948, iv-दिसंबर 1948

wincompete

**प्रश्न 47: कथन (A):** जे.वी.पी. समिति ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से भाषाई आधार पर राज्यों के पुनर्गठन को फिलहाल टालने की सलाह दी थी।

**कारण (R):** इस समिति के सदस्यों में जवाहरलाल नेहरू, वल्लभभाई पटेल और पट्टाभि सीतारमैया शामिल थे।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 48:** केंद्र सरकार द्वारा भाषाई आधार पर राज्यों के निर्माण का प्रारंभिक विरोध करने के संदर्भ में निम्नलिखित निष्कर्षों पर विचार कीजिये:

**निष्कर्ष 1:** सरकार विभाजन की सांप्रदायिक हिंसा के बाद किसी भी नए विभाजनकारी तत्व को बढ़ावा नहीं देना चाहती थी।

**निष्कर्ष 2:** भाषाई राज्यों के निर्माण से आर्थिक संसाधनों के वितरण में बाधा आने की आशंका थी।

A) केवल निष्कर्ष 1 सत्य है।

B) केवल निष्कर्ष 2 सत्य है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है।

**प्रश्न 49:** 1 अक्टूबर 1953 को गठित होने वाले प्रथम भाषाई राज्य 'आंध्र प्रदेश' की प्रारंभिक राजधानी कौन सी थी?

A) हैदराबाद

B) कर्नूल

C) विशाखापत्तनम

D) विजयवाड़ा

**प्रश्न 50:** राज्य पुनर्गठन आयोग (1953) के सदस्यों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) न्यायमूर्ति फजल अली (अध्यक्ष)

B) के.एम. पणिक्कर (सदस्य)

C) एच.एन. कुंजरू (सदस्य)

D) वी.पी. मेनन (सदस्य)

**प्रश्न 51:** राज्य पुनर्गठन आयोग (SRC) की मुख्य सिफारिशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आयोग ने 'एक भाषा-एक राज्य' के सिद्धांत को पूरी तरह स्वीकार कर लिया था।
2. संविधान के तहत प्रचलित भाग A, B, C और D श्रेणियों के विभाजन को समाप्त करने की अनुशंसा की गई।
3. आयोग ने 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के निर्माण का सुझाव दिया था।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य है/हैं?**

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 52: लघु पैराग्राफ आधारित प्रश्न:**

"मद्रास प्रेसीडेंसी के तेलुगु भाषियों के लिए एक अलग राज्य की मांग करते हुए एक गांधीवादी कार्यकर्ता ने 56 दिनों का आमरण अनशन किया, जिसके बाद उनके निधन ने पूरे देश में आंदोलन को हिंसक बना दिया।"

उपर्युक्त विवरण किस व्यक्तित्व से संबंधित है?

A) टी. प्रकाशम

B) पोट्टी श्रीरामुलु

C) कंदाला सुब्रमण्यम

D) पट्टाभि सीतारमैया

**प्रश्न 53:** राजस्थान एकीकरण के प्रथम चरण 'मत्स्य संघ' के संदर्भ में कौन सा तथ्य सत्य है?

A) इसका उद्घाटन 18 मार्च 1948 को एन.वी. गाडगिल द्वारा किया गया था।

B) धौलपुर के महाराजा उदयभान सिंह को इसका प्रधानमंत्री बनाया गया था।

C) मत्स्य संघ की राजधानी भरतपुर को बनाया गया था।

D) इसमें अलवर, भरतपुर, धौलपुर और टोंक रियासतें शामिल थीं।

**प्रश्न 54:** राजस्थान के सात चरणों में हुए एकीकरण की प्रक्रियाओं को उनकी तिथियों के साथ सुमेलित कीजिये:

i. संयुक्त राजस्थान

ii. वृहद् राजस्थान

iii. संयुक्त वृहद् राजस्थान

iv. पुनर्गठित राजस्थान (अजमेर विलय)

A) i-25 मार्च 1948, ii-18 अप्रैल 1948, iii-30 मार्च 1949, iv-15 मई 1949

B) i-18 अप्रैल 1948, ii-30 मार्च 1949, iii-15 मई 1949, iv-1 नवंबर 1956

C) i-30 मार्च 1949, ii-15 मई 1949, iii-26 जनवरी 1950, iv-1 नवंबर 1956

D) i-18 मार्च 1948, ii-25 मार्च 1948, iii-18 अप्रैल 1948, iv-30 मार्च 1949

**प्रश्न 55: कथन (A):** 1 नवंबर 1956 को राजस्थान के एकीकरण के सातवें चरण में 'राजप्रमुख' का पद समाप्त कर दिया गया।

**कारण (R):** राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 के तहत राज्यों की श्रेणियों (A, B, C) के अनुसार राज्यपाल पद का सृजन किया गया था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 56:** राजस्थान एकीकरण के अंतिम चरण के संदर्भ में निम्नलिखित निष्कर्षों पर विचार कीजिये:

**निष्कर्ष 1:** अजमेर-मेरवाड़ा और आबू-देलवाड़ा का विलय फजल अली आयोग की सिफारिशों के आधार पर हुआ।

**निष्कर्ष 2:** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले का 'सुनेल टप्पा' क्षेत्र राजस्थान में शामिल किया गया।

A) केवल निष्कर्ष 1 सत्य है।

B) केवल निष्कर्ष 2 सत्य है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है।

**प्रश्न 57:** वर्ष 1960 में 'बॉम्बे राज्य' के विभाजन के परिणामस्वरूप कौन सा नया राज्य भारतीय संघ का 15वाँ राज्य बना?

A) महाराष्ट्र

B) गुजरात

C) गोवा

D) हरियाणा

**प्रश्न 58:** राज्यों के पुनर्गठन और संबंधित वर्षों को सुमेलित कीजिये:

i. नागालैंड का गठन

ii. पंजाब-हरियाणा विभाजन

iii. मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा (पूर्ण राज्य)

iv. सिक्किम का पूर्ण विलय

wincompete

A) i-1966, ii-1972, iii-1975, iv-1987

B) i-1960, ii-1963, iii-1966, iv-1972

C) i-1963, ii-1966, iii-1972, iv-1975

D) i-1963, ii-1972, iii-1966, iv-1975

**प्रश्न 59:** 1966 के पंजाब पुनर्गठन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) शाह आयोग की सिफारिशों के आधार पर पंजाब और हरियाणा का निर्माण हुआ।

B) हिंदी भाषी क्षेत्रों को हरियाणा राज्य का दर्जा दिया गया।

C) पहाड़ी क्षेत्रों को मिलाकर हिमाचल प्रदेश को एक पूर्ण राज्य बनाया गया।

D) चंडीगढ़ को दोनों राज्यों की साझा राजधानी और केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया।

**प्रश्न 60:** पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के निर्माण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नागालैंड को 1963 में विशेष सुरक्षा (अनुच्छेद 371-A) के साथ राज्य का दर्जा दिया गया।
2. मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश को 1987 में केंद्र शासित प्रदेश से पूर्ण राज्य बनाया गया।
3. सिक्किम को 36वें संविधान संशोधन 1975 द्वारा भारत का 22वाँ राज्य बनाया गया।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य है/हैं?**

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 61:** पंडित जवाहरलाल नेहरू के 'लोकतांत्रिक समाजवाद' के दृष्टिकोण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नेहरू ने मार्क्सवादी वर्ग संघर्ष के बजाय लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से आर्थिक असमानता दूर करने पर बल दिया।
2. उन्होंने 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' के मॉडल को अपनाया, जहाँ सार्वजनिक और निजी क्षेत्र का सह-अस्तित्व अनिवार्य था।
3. उनके अनुसार, धर्मनिरपेक्षता का अर्थ राज्य द्वारा सभी धर्मों का समान विरोध करना था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से **कथन सत्य है/हैं?**

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 62: कथन (A):** नेहरू ने बड़े बांधों और इस्पात संयंत्रों को 'आधुनिक भारत के मंदिर' की संज्ञा दी थी।

**कारण (R):** वे मानते थे कि श्रद्धा और भक्ति की भारतीय संस्कृति को मान्यता देकर विकास के इन माध्यमों को मंदिर कहकर ही भारतीय जनमानस को आधुनिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समर्थन के लिए तैयार किया जा सकता हैं।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 63: लघु पैराग्राफ आधारित प्रश्न:**

"13 दिसंबर 1946 को संविधान सभा में एक ऐतिहासिक प्रस्ताव पेश किया गया, जिसने भारतीय संविधान के दर्शन और नेहरू के लोकतंत्र के प्रति विजन को स्पष्ट किया। यह प्रस्ताव बाद में संविधान की प्रस्तावना बना।"

wincompete

उपर्युक्त पैराग्राफ में किस 'दस्तावेज' की चर्चा की जा रही है?

A) नेहरू रिपोर्ट (1928)

B) उद्देश्य प्रस्ताव (Objective Resolution)

C) मौलिक अधिकार प्रस्ताव (1931)

D) डोमिनियन स्टेटस ड्राफ्ट

**प्रश्न 64:** नेहरू युग के दौरान स्थापित प्रमुख संस्थानों और उनके उद्देश्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प **असंगत** है?

A) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) - उच्च तकनीकी शिक्षा

B) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) - उच्च शिक्षा का समन्वय

C) परमाणु ऊर्जा आयोग (AEC) - सामरिक परमाणु हथियार निर्माण

D) सामुदायिक विकास कार्यक्रम (1952) - ग्रामीण उत्थान

**प्रश्न 65:** भारत की द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956-61) के संदर्भ में निम्नलिखित निष्कर्षों पर विचार कीजिये:

**कथन:** यह योजना प्रसिद्ध सांख्यिकीविद् पी.सी. महालनोबिस के मॉडल पर आधारित थी।

**निष्कर्ष 1:** इस योजना का मुख्य बल 'कृषि और सिंचाई' के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना था।

**निष्कर्ष 2:** इसी दौरान भिलाई, राउरकेला और दुर्गापुर में सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों की नींव रखी गई।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 66:** योजना आयोग (Planning Commission) और राष्ट्रीय विकास परिषद (NDC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. योजना आयोग का गठन 15 मार्च 1950 को एक संवैधानिक निकाय के रूप में किया गया था।
2. राष्ट्रीय विकास परिषद (NDC) का गठन 6 अगस्त 1952 को योजनाओं के क्रियान्वयन में राज्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु हुआ था।
3. प्रधानमंत्री योजना आयोग और NDC दोनों के पदेन अध्यक्ष होते थे।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन **सत्य हैं?**

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 67:** सूची-I (इस्पात संयंत्र) को सूची-II (सहयोगी राष्ट्र) से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I**

i. भिलाई इस्पात संयंत्र

ii. राउरकेला इस्पात संयंत्र

iii. दुर्गापुर इस्पात संयंत्र

iv. बोकारो इस्पात संयंत्र

**सूची-II**

1. पश्चिम जर्मनी
2. ब्रिटेन (U.K.)
3. सोवियत संघ (USSR)
4. सोवियत संघ (USSR)

कूट:

A) i-4, ii-1, iii-2, iv-3

B) i-1, ii-2, iii-3, iv-4

C) i-3, ii-2, iii-1, iv-4

D) i-3, ii-1, iii-2, iv-4

**प्रश्न 68:** भारत की प्रथम तीन पंचवर्षीय योजनाओं के संदर्भ में कौन-सा कथन **असत्य** है?

A) प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) हैरोड-डोमर मॉडल पर आधारित थी।

B) तृतीय पंचवर्षीय योजना (1961-66) को 'गॉडगिल योजना' के नाम से भी जाना जाता है।

C) द्वितीय योजना ने उपभोक्ता वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाकर स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा दिया।

D) तृतीय पंचवर्षीय योजना अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में पूर्णतः सफल रही क्योंकि उस दौरान कोई युद्ध नहीं हुआ।

**प्रश्न 69: कथन (A):** गुटनिरपेक्षता (Non-Alignment) का अर्थ अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों पर 'तटस्थता' (Neutrality) या 'अलगाववाद' था।

**कारण (R):** नेहरू का मानना था कि भारत को गुटों की राजनीति से दूर रहकर प्रत्येक मुद्दे पर उसके गुण-दोष के आधार पर स्वतंत्र निर्णय लेना चाहिए।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 70:** भारत और चीन के मध्य हुए 'पंचशील समझौते' (1954) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह समझौता 29 अप्रैल 1954 को बीजिंग में पंडित नेहरू और झाउ एनलाई के मध्य हस्ताक्षरित हुआ।
2. इसमें 'एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान' करना मुख्य सिद्धांत था।
3. इस समझौते में तिब्बत को चीन के एक क्षेत्र के रूप में मान्यता प्रदान नहीं की थी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन **सत्य है/हैं?**

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 71:** सूची-I (सम्मेलन/घटना) को सूची-II (वर्ष/तिथि) से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I**

i. बांडुंग सम्मेलन (एफ्रो-एशियाई एकता)

ii. गुटनिरपेक्ष आंदोलन का प्रथम शिखर सम्मेलन

iii. भारत-चीन सीमा युद्ध का प्रारंभ

iv. स्वेज नहर संकट में नेहरू की भूमिका

**सूची-II**

1. 1961 (बेलग्रेड)
2. 20 अक्टूबर 1962
3. 1956
4. 18-24 अप्रैल 1955

कूट:

A) i-4, ii-1, iii-2, iv-3

B) i-4, ii-3, iii-1, iv-2

C) i-1, ii-4, iii-2, iv-3

D) i-3, ii-1, iii-4, iv-2

**प्रश्न 72:** नेहरू की विदेश नीति के संदर्भ में निम्नलिखित निष्कर्षों पर विचार कीजिये:

**कथन:** 1947 में दिल्ली में आयोजित 'एशियाई संबंध सम्मेलन' (Asian Relations Conference) नेहरू की सक्रिय विदेश नीति का पहला बड़ा कदम था।

wincompete

**निष्कर्ष 1:** नेहरू भारत को एशियाई एकता के नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करना चाहते थे।

**निष्कर्ष 2:** भारत ने स्वतंत्रता से पूर्व ही अपनी विदेश नीति का स्वतंत्र संचालन प्रारंभ कर दिया था।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 73: लघु पैराग्राफ आधारित प्रश्न:**

"1950 के दशक में भारतीय संसद में एक ऐसा विधेयक पेश किया गया जिसने हिंदू व्यक्तिगत कानूनों में क्रांतिकारी सुधारों का प्रस्ताव रखा, लेकिन रूढ़िवादी विरोध के कारण इसे टुकड़ों में पारित करना पड़ा।"

इस पैराग्राफ में किस 'विधेयक' की चर्चा की जा रही है?

A) हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम

B) हिंदू कोड बिल (Hindu Code Bill)

C) शारदा एक्ट संशोधन

D) विशेष विवाह अधिनियम

**प्रश्न 74:** नेहरू युग के सामाजिक सुधारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम, 1955 द्वारा छुआछूत को दंडनीय अपराध घोषित किया गया।
2. हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 ने पहली बार हिंदुओं में बहुविवाह को प्रतिबंधित किया और तलाक का कानूनी अधिकार दिया।
3. नेहरू ने सामाजिक समानता हेतु 'समान नागरिक संहिता' (UCC) को तत्काल अनिवार्य रूप से लागू कर दिया था।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन **सत्य हैं?**

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 75:** जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधारों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असत्य** है?

A) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन अधिनियम (1950) नेहरू युग का एक प्रमुख कृषि सुधार था।

B) भूमि सुधारों को कानूनी चुनौतियों से बचाने के लिए प्रथम संविधान संशोधन (1951) द्वारा 'नौवीं अनुसूची' जोड़ी गई।

C) विनोबा भावे द्वारा शुरू किया गया 'भूदान आंदोलन' पूरी तरह से सरकारी कानून पर आधारित था।

D) भूमि सुधारों का मुख्य लक्ष्य 'जोतने वाले को भूमि' (Land to the Tiller) का सिद्धांत लागू करना था।

**प्रश्न 76: कथन (A):** नेहरू सरकार ने 1950 के दशक में 'हिंदू कोड बिल' को लेकर डॉ. अंबेडकर का पूर्ण समर्थन किया था, जिसके कारण वे अंत तक मंत्रिमंडल में बने रहे।

**कारण (R):** रूढ़िवादी कांग्रेसियों और राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के कड़े विरोध के कारण नेहरू को बिल को विभाजित करके पारित करना पड़ा।

A) A और R दोनों सत्य हैं।

B) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

C) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

D) दोनों असत्य हैं।

**प्रश्न 77:** भारत के प्रथम आम चुनाव (1951-52) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सुकुमार सेन भारत के प्रथम मुख्य निर्वाचन आयुक्त थे जिन्होंने इन चुनावों का संचालन किया।

wincompete

2. प्रथम लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की साक्षरता दर 50% से अधिक थी।
3. चुनावों में 'चुनाव चिह्न' (Symbols) पद्धति का उपयोग निरक्षर मतदाताओं की सुविधा हेतु किया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन **सत्य हैं?**

A) केवल 1 और 3

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 2

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 78: कथन (A):** 1951-52 के चुनावों को 'लोकतंत्र का सबसे बड़ा जुआ' (Greatest gamble in history) कहा गया था।

**कारण (R):** भारत ने गरीबी और व्यापक निरक्षरता के बावजूद 'सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार' को अपनाने का साहसपूर्ण निर्णय लिया था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 79:** लोकतांत्रिक संस्थाओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प **असंगत** है?

A) प्रथम लोकसभा अध्यक्ष (Speaker) - जी.वी. मावलंकर

B) प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त - सुकुमार सेन

C) प्रथम आम चुनाव में कुल सीटें - 489

D) प्रथम राज्यसभा सभापति - डॉ. राजेंद्र प्रसाद

**प्रश्न 80:** प्रथम आम चुनाव (1951-52) के परिणामों के संदर्भ में निम्नलिखित निष्कर्षों पर विचार कीजिये:

**कथन:** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 489 में से 364 सीटें जीतकर केंद्र में सरकार बनाई।

**निष्कर्ष 1:** प्रथम चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI) दूसरे सबसे बड़े दल के रूप में उभरी।

**निष्कर्ष 2:** निर्दलीय उम्मीदवारों को राजनीतिक दलों की तुलना में नगण्य सीटें प्राप्त हुईं।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 81:** 'वैज्ञानिक नीति संकल्प' (Scientific Policy Resolution - SPR), 1958 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संकल्प 4 मार्च 1958 को भारत की संसद द्वारा स्वीकार किया गया था।
2. इसका मुख्य उद्देश्य देश में वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देना और 'वैज्ञानिक दृष्टिकोण' (Scientific Temper) विकसित करना था।
3. इस नीति के तहत परमाणु ऊर्जा विभाग को शिक्षा मंत्रालय के अधीन कर दिया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन **सत्य है/हैं?**

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 82: कथन (A):** नेहरू ने विज्ञान को केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित न रखकर उसे राष्ट्रीय नियोजन का आधार बनाया।

**कारण (R):** वे मानते थे कि भारत की गरीबी और बेरोजगारी जैसी बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान केवल आधुनिक तकनीक और विज्ञान से ही संभव नहीं है।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 83: लघु पैराग्राफ आधारित प्रश्न:**

"इन्हें भारत में शोध प्रयोगशालाओं का जनक माना जाता है। इन्होंने नेहरू के सहयोग से देश भर में CSIR की प्रयोगशालाओं का जाल बिछाया, जिसके कारण भारत में स्वदेशी तकनीक का विकास संभव हो सका।"

उपर्युक्त पैराग्राफ में किस वैज्ञानिक की चर्चा की जा रही है?

A) डॉ. होमी जहांगीर भाभा

B) डॉ. शांति स्वरूप भटनागर

C) डॉ. विक्रम साराभाई

D) डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन

**प्रश्न 84:** राजस्थान के पिलानी में स्थित 'केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान' (CEERI) की स्थापना किस वर्ष की गई थी?

A) 1948

B) 1950

C) 1953

D) 1958

**प्रश्न 85:** भारतीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I (संस्थान/रिएक्टर)**

i. टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (TIFR)

ii. परमाणु ऊर्जा आयोग (AEC) का गठन

iii. अप्सरा (एशिया का प्रथम परमाणु रिएक्टर)

iv. परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) की स्थापना

**सूची-II (वर्ष)**

1. 1948
2. 1956
3. 1945
4. 1954

कूट:

A) i-1, ii-2, iii-3, iv-4

B) i-3, ii-4, iii-2, iv-1

C) i-3, ii-1, iii-2, iv-4

D) i-4, ii-1, iii-2, iv-3

**प्रश्न 86:** डॉ. होमी जे. भाभा द्वारा प्रतिपादित भारत की 'त्रि-स्तरीय परमाणु रणनीति' के संदर्भ में कौन-सा तथ्य **असंगत** है?

A) तृतीय चरण में केवल आयातित यूरेनियम पर निर्भरता सुनिश्चित करना।

B) द्वितीय चरण में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर्स द्वारा प्लूटोनियम का उत्पादन करना।

C) प्रथम चरण में प्राकृतिक यूरेनियम को ईंधन के रूप में उपयोग करना।

D) अंतिम चरण में भारत के विशाल थोरियम भंडार का उपयोग करना।

**प्रश्न 87:** परमाणु ऊर्जा विकास के वैधानिक ढांचे के संदर्भ में निम्नलिखित निष्कर्षों पर विचार कीजिये:

**कथन:** 1948 में परमाणु ऊर्जा अधिनियम पारित किया गया और परमाणु ऊर्जा आयोग को सीधे प्रधानमंत्री के नियंत्रण में रखा गया।

**निष्कर्ष 1:** भारत परमाणु तकनीक का उपयोग केवल नागरिक और शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए करना चाहता था।

**निष्कर्ष 2:** परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को सामरिक गोपनीयता और प्रशासनिक स्वायत्तता प्रदान करना आवश्यक नहीं था।

wincompete

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 88:** 'भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र' (BARC) का पूर्व में नाम क्या था, जिसे 1967 में परिवर्तित किया गया?

A) परमाणु ऊर्जा संस्थान, ट्रॉम्बे

B) भारतीय नाभिकीय ऊर्जा केंद्र

C) होमी भाभा विज्ञान केंद्र

D) ट्रॉम्बे शोध केंद्र

**प्रश्न 89:** भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के शुरुआती चरणों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 1962 में 'भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति' (INCOSPAR) का गठन डॉ. विक्रम साराभाई की अध्यक्षता में हुआ था।
2. भारत का पहला रॉकेट 'नाइकी-अपाचे' 21 नवंबर 1963 को श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया था।
3. थुम्बा (केरल) का चयन इसकी 'चुंबकीय भूमध्य रेखा' (Magnetic Equator) पर स्थिति के कारण किया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन **सत्य हैं?**

A) केवल 1 और 3

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 2

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 90: कथन (A):** डॉ. विक्रम साराभाई ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को चंद्रमा या मंगल की होड़ के बजाय 'सामाजिक विकास' से जोड़ा।

**कारण (R):** उनका मानना था कि उपग्रह तकनीक का उपयोग उन्नत संचार, मौसम विज्ञान और ग्रामीण शिक्षा के लिए करना भारत जैसे विकासशील देश की प्राथमिकता होनी चाहिए।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 91: लघु पैराग्राफ आधारित प्रश्न:**

"1963 में जब भारत ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा शुरू की, तो संसाधनों की इतनी कमी थी कि रॉकेट के हिस्सों को इस वाहन पर ढोकर लॉन्च पैड तक पहुँचाया गया। यह भारतीय वैज्ञानिकों के संघर्ष का प्रतीक बन गया।"

उपर्युक्त पैराग्राफ में किस 'वाहन' का संकेत दिया गया है?

A) बैलगाड़ी

B) साइकिल

C) घोड़ागाड़ी

D) हाथ ठेला

**प्रश्न 92:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) का मुख्यालय कहाँ स्थित है, जहाँ से इसकी सभी प्रमुख नीतियों का संचालन होता है?

A) श्रीहरिकोटा

B) तिरुवनंतपुरम

C) अहमदाबाद

D) बेंगलुरु

**प्रश्न 93:** भारत में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IITs) की स्थापना और उनके विदेशी सहयोगियों के संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I (IIT)**

i. IIT बॉम्बे (1958)

wincompete

ii. IIT मद्रास (1959)

iii. IIT कानपुर (1959)

iv. IIT दिल्ली (1961)

**सूची-II (सहयोगी राष्ट्र)**

1. पश्चिम जर्मनी
2. अमेरिका (USA)
3. सोवियत संघ (USSR)
4. ब्रिटेन (UK)

कूट:

A) i-3, ii-1, iii-2, iv-4

B) i-3, ii-2, iii-1, iv-4

C) i-1, ii-2, iii-3, iv-4

D) i-4, ii-1, iii-2, iv-3

**प्रश्न 94:** नेहरू युग के दौरान स्थापित प्रमुख शैक्षणिक और शोध संस्थानों के संदर्भ में कौन-सा विकल्प **असंगत** है?

A) AIIMS दिल्ली की स्थापना - 1956

B) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) का मुख्यालय - मुंबई

C) प्रथम IIM की स्थापना (कोलकाता) - 1961

D) प्रथम IIT की स्थापना (खड़गपुर) - 1951

**प्रश्न 95:** उच्च शिक्षा और प्रबंधन के क्षेत्र में नेहरू के विजन के संदर्भ में निम्नलिखित निष्कर्षों पर विचार कीजिये:

**कथन:** 1961 में सरकार ने भारतीय प्रबंधन संस्थानों (IIMs) की स्थापना अहमदाबाद और कोलकाता में की।

**निष्कर्ष 1:** सरकार सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उद्योगों के लिए उच्च स्तरीय पेशेवर प्रबंधक तैयार करना चाहती थी।

**निष्कर्ष 2:** इन संस्थानों के लिए भारत के बड़े औद्योगिक घरानों का और शिक्षण संस्थानों का सहयोग लिया गया था।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 96:** राजस्थान के किस शहर में 1963 में 'मालवीय क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज' (MREC) की स्थापना की गई थी?

A) जोधपुर

B) उदयपुर

C) कोटा

D) जयपुर

**प्रश्न 97:** भारत की प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भाखड़ा-नांगल बांध विश्व का सबसे ऊँचा कंक्रीट 'गुरुत्वीय बांध' है।
2. हीराकुंड बांध (ओडिशा) महानदी पर स्थित विश्व का सबसे लंबा बांध है।
3. चंबल परियोजना राजस्थान और मध्य प्रदेश की संयुक्त परियोजना है जिसमें दोनों की हिस्सेदारी 40:60 है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन **सत्य हैं?**

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 98: कथन (A):** राजस्थान में चंबल नदी घाटी परियोजना के तहत 'राणा प्रताप सागर बांध' का निर्माण किया गया।

**कारण (R):** यह बांध पूर्णतः परमाणु ऊर्जा के उत्पादन के लिए बनाया गया था ताकि राजस्थान को बिजली मिल सके।

A) A और R दोनों सत्य हैं।

wincompete

B) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) दोनों असत्य हैं।

**प्रश्न 99: लघु पैराग्राफ आधारित प्रश्न:**

"1951 में शुरू हुई इस परियोजना को नेहरू ने 'राष्ट्र के उत्थान का मार्ग' बताया। यह सतलुज नदी पर स्थित है और इससे पंजाब, हरियाणा व राजस्थान लाभान्वित होते हैं।"

उपर्युक्त पैराग्राफ में किस परियोजना की चर्चा है?

A) हीराकुंड परियोजना

B) भाखड़ा-नांगल परियोजना

C) दामोदर घाटी परियोजना

D) चंबल परियोजना

**प्रश्न 100:** चंबल परियोजना के अंतर्गत राजस्थान में स्थित किस बांध की 'भराव क्षमता' (Storage Capacity) सर्वाधिक है?

A) गांधी सागर बांध

B) राणा प्रताप सागर बांध

C) जवाहर सागर बांध

D) कोटा बैराज

wincompete